हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 14 जून 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

04 दल्ली पालिका के विकास कार्यों का कलेक्टर ने किया ...



02 टाउनशिप के साप्ताहिक बाजारों में दस साल बाद ...





## खबर संक्षेप

### दो बाइक में भिड़ंत दो युवक घायल

**बालोद**। जिला मुख्यालय से वापस अपने घर जा रहे दो बाईक सवार युवक हादसे का शिकार हो गए। जिसमे दो बाईको के टक्कर मे एक बाईक मे सवार दो युवक घायल हो गए, जिसके बाद एक अन्य बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बालोद झलमला मुख्य मार्ग पर दो बाईक मे टक्कर होने से दो युवक घायल हो गए। बताया गया कि ओमप्रकाश रावटे और डोमेन्द्र कुमार सिन्हा बाईक मे बालोद से घर जा रहे थे। बाईक से गिरने से डोमेन्द्र के गला, सीना मे चोट लगी है। जिसके बाद 108 की माध्यम से जिला अस्पताल मे भती किया गया है।

### वाहन चालक शर्मा ने आत्महत्या कर ली

**बालोद**। शासकीय अस्पताल मे 102 वाहन का चालक निलेश शर्मा 26 वर्श ने आत्महत्या कर ली, उसने सुसाईड नोट मे अपनी आत्महत्या करने का कारण स्वास्थ संबंधी समस्या को बताया है, उसने परिजनो से शव का पोस्टमार्डम नही करने की अपील की। अर्जुन्दा निवासी निलेश शर्मा ने घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक निलेश शर्मा नगर पंचायत अर्जुन्दा के उपाध्यक्ष अनुभव शर्मा के भाई थे। घटना स्थल से पुलिस ने सुसाईड नोट बरामद किया है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के अनुसार बुधवार रात को युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। सुसाईड नोट मे शरीर व स्वास्थ संबंधित कारणो से परेशान होने का जिक्र कर आत्मघाती कदम उठाने मजबूर हूं, इसके अलावा लिखा है कि शव को अस्पताल न भेजा जाए। पीएम न कराने का निवेदन किया था। हालांकि परिजन बता नही पा रहे है कि किस बीमारी से युवक परेशान था। स्वास्थ खराब होने से शरीर मे दर्द होने का जिक्र किया था। वही घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार कर शव का पोस्टमार्डम के बाद शव को परिजनो को सौप दिया तथा पुलिस मौके पर मिले सुसाईड नोट के साथ आत्महत्या के कारणो की जांच मे लगी है।

### मत्स्याखेट पर 16 जून से 15 अगस्त तक प्रतिबंधित

**बालोद**। जिले में मछलियों के प्रजनन एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वर्षा ऋतु में 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक सभी प्रकार के मत्स्याखेट को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। सहायक संचालक मछली पालन ने बताया कि वर्षा ऋतु में मछलियों के वंश वृद्धि हेतु राज्य में नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 03, उपधारा 02 के तहत क्लोज सीजन घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रेत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम 3(5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर 01 वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रुपये का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है।

### सेना भर्ती परीक्षा प्रशिक्षण की जानकारी 20 को

**बालोद**। भारतीय अग्निवीर थलसेना 2025 में बालोद जिले के आवेदक निःशुल्क लिखित परीक्षा हेतु प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि आवेदकों को अपने थलसेना के ऑनलाईन पंजीयन फार्म के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में 20 जून तक उपस्थित होना होगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय अग्निवीर थलसेना 2025 अंतर्गत पहले चरण में लिखित परीक्षा और द्वितीय चरण में शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन लिखित परीक्षा जून 2025 में आयोजित होना संभावित है।

# पं. प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण कथा 19 से, लाखों आएंगे, यातायात व्यवस्था बदलने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

दुर्ग जिले से महज 25 किमी दूर ग्राम निकुम में आगामी 19 जून से 23 जून तक अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले की शिवमहापुराण कथा होनी है, जिसमें लाखो की संख्या में श्रध्दालुओ की पहुंचने की आंशका को देखेते हुए जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर पुलिस क्षेत्र में लगातार मेहनत करते दिख रही है, पुलिस अधिकारी क्षेत्र में लगातार व्यवस्था में लगे है, जिसके चलते निकुम क्षेत्र में यातायात व्यवस्था पूरी तरह बदल जायेगी। जिसमें 19 जून से रुट बदल जायेगी। बिना परमिशन भारी वाहनो पर एंट्री बैन रहेगी। सोमनी से राजनादगांव की पांर्किग व्यवस्था मे सोमनी से ईरा, झोला, तिरगा से गोडेला चौक में स्थल में वाहन पांर्किग कर के पैदल कथा पंडाल निकुम पहुचेगें। अर्जुन्दा से मोंहदी पाठ चौक पांर्किग स्थल मे जिले के बालोद, धमतरी, अजुन्दा से डुडिया चौक से मोंहदीपाठ में पांर्किग स्थल से कथा पंडाल पहुचगें। अण्डा अटल चौक से कथा स्थल मे रायपुर, दुर्ग, धमतरी से अटल चौक से चिंगरी से अछोटी से आलबरस से खाड़ा, रुदा भोथली से होते हुए तिरगा से खुरसींपार चौक से गोड़ेला में पांर्किग कर कथा स्थल निकुम भाठापारा कथा स्थल पहुचेगें। अंडा बस स्टैण्ड से निकलकर पांकिंर्ग होगी वाहन अंडा बस स्टैण्ड से विनायपुर, आमटी से रुट डार्यवर्सन कर भिलाई से खुरसुल में वाहन पार्किंग कर कथा स्थल जायेगें। अर्जुन्दा से कथा स्थल पाकिंर्ग मे बालोद, धमतरी, अर्जुन्दा से ओड़ाडसकरी से चीचा से भिलाई से खुरसुल में पाकिंर्ग कर कथा स्थल पहुचेगें।

## रायपुर, कवर्धा, बेमेतरा, दुर्ग पुलगांव चौक की ओर से जाएंगे वाहन

### रुट बदले जाएंगे

रायपुर, कवर्धा, बेमेतरा दुर्ग पुलगांव चौक से कोनारी मोड़ भरदा से शिवनाथ नदी पुल से होते हुए तांदुला सेतु ग्राम आलबरस से कार्तिकिय फयुल से होते हुए खाड़ा, रुदा भोथली से होते हुए तिरगा से खुर्सीपार चौक से गोड़ेला में पांर्किग कर कथा स्थल निकुम भाठापारा कथा स्थल पहुचेगें। अंजोरा से कथा स्थल निकुम मे कवर्धा, बेमेतरा भिलाई से अंजोरा से बिरेझर से खाड़ा, रुदा भोथली से होते हुए तिरगा से खुर्सीपार चौक से गोड़ेला में पांर्किग कर कथा स्थल निकुम भाठापारा कथा स्थल पहुचेगें।



### 200 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे

वही थाना प्रभारी अंडा भानुप्रताप साव ने कहा कि सभी यातायात के नियमो को पालन करे, जिसमें यातायात में 200 पुलिसकर्मी तैनात रहेगें। वही बड़ी संख्या में कथा स्थल में पुलिस की तिरझी नजर रहेगी। **सभी का मिल रहा सहयोग** : शिवमहापुराण निकुम के संयोजक पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख कहा कि इस आयोजन में शासन प्रशासन सहित सभी का सहयोग कर रहे है, वही शिव भक्तो के लिए बैठने, पेयजल सहित भोजन भंडारा रहेगां,वही इस आयोजन में प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित कई दिग्गज नेता आयेगें।

## मृतक देवव्रत व उसके परिवार के सदस्यों के मोबाइल कॉल डिटेल जांच करने की मांग

# खुटेरी शराब माफिया हत्याकांड में दो आरोपी पिता-पुत्र जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम खुटेरी मे शराब माफिया देवव्रत बिझेंकर की हत्या के मामले मे आत्मसमर्पण करने वाले सुदामा ठाकुर के साथ उसके पुत्र भावेश ठाकुर को भी रनचिरई पुलिस ने अभियुक्त बनाया है। उनके खिलाफ धारा 103, 3(5) बीएनएस पंजीबद्व किया गया है।

दोनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल दाखिल किया गया है। पिता पुत्र के गिरफ्तारी के बाद घर मे 15 वर्शीय एक बालिका ही बची है। अब ग्रामीण मृतक देवव्रत बिझेंकर व उसके परिवार के सदस्यो के मोबाईल फोनो का पिछले एक माह का कॉल डिटेल निकाल जांच करने की मांग कर रहे है। इधर जिला पंचायत बालोद के पूर्व सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने प्रदेश के आला नेताओ से बात कर क्षेत्र की वस्तु स्थिति से अवगत कराया एवं ग्रामीणो को न्याय दिलवाने एवं भयमुक्त महौल प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही है।



सुदामा की पत्नी का निधन हो चुका है, पुत्र जेल में पुत्री अकेली रह गई



### मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर न्यायिक जांच की मांग की

सुदामा के साथ पुत्र को भी आरोपी बनाने से ग्रामीणो मे आक्रोश व्याप्त हो गया है। मामले मे ग्रामीणो ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखकर न्यायिक जांच की मांग की है। ग्रामीणो का कहना है कि मृतक देवव्रत का आतंक ग्राम खुटेरी तक ही सिमित नही था। बोरगहन चौक सहित पांच अन्य ग्रामो मे भी उसका खुला आतंक था। कितने कृत्यो के बाद भी रनचिरई पुलिस द्वारा कार्यवाही नही किया गया। पुलिस विभाग का उसे संरक्षण मिलने की ओर संकेत कर रहा है चूकि एक व्यक्ति से आधा दर्जन से अधिक गांव आतंकित थे और पुलिस कार्यवाही नगन्य थी ऐसे मे देवव्रत एवं सुदामा के बीच उपजे विवाद मे पुलिस द्वारा निष्पक्ष जांच किये जाने की संभावना नही है। जिसने कानून तोड़ा है नियमानुसार उन पर कार्यवाही हो लेकिन किसी निर्दोश को दुर्भावना से फंसाकर कार्यवाही करना न्यायसंगत नही है क्योकि हमे पुलिस जांच पर वि"वास नही है इसलिए मामले की न्यायिक जांच की जाए एवं मामले मे दोशी पुलिस कर्मीयो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए।

### पुत्री अकेली हो जाएगी

ग्रामीणो ने बताया कि सुदामा ठाकुर की पत्नी का निधन पहले ही हो चुका है। घर मे सुदामा ठाकुर के साथ उसका पुत्र व 15 वर्शी पुत्री ही है। पिता पुत्र को गिरफ्तार करने के बाद घर मे 15 वर्शीय लड़की ही अकेली बची है अब उसके भरण पोशण एवं सुरक्षा की चिंता खड़ी हो गई है। ग्रामीणो का आरोप है कि मृतक देवव्रत ने एक पखवाड़ा पूर्व सुदामा ठाकुर के पुत्र भावेश ठाकुर की पिटाई की थी। उसके बाद मृतक ने सुदामा ठाकुर पर प्रहार किया था। लगातार पुलिस मे शिकायत के बाद भी कार्यवाही नही होने से इतनी बड़ी घटना हो गई। ग्रामीणो ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि सुदामा ठाकुर के पुत्र को अभियुक्त न बनाया जाए। वही ग्रामीणो ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपने के बाद ग्रामीणो ने आरोप लगाया है कि विभाग की लापरवाही से मृतक का आतंक लगातार बढ़ता रहा है। उसके खिलाफ लूटपाट जैसी घटना मे अपराध कायम हो चुका था। शिकायतो के बाद भी यदि मामले मे गंभीरता से कार्यवाही की जाती तो यह घटना नही होती।

# ट्रक की ठोकर से सायकिल सवार बुजुर्ग किसान की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- खेत जाने निकले किसान का कोटा मार्ग पर हुआ हादसा

आगामी फसल की तैयारी तथा मानसून के आगमन के पहले खेतो की साफ सफाई के लिए साईकिल के माध्यम से अपने खेत जा रहे एक बुजुर्ग को रास्ते मे ट्रक ने ठोकर मार दी जिससे बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोटगांव मार्ग मे ट्रक की टक्कर से 70 वर्शीय रामदास साहू की मौत हो गई। परिजनो व ग्रामीणो के अनुसार रामदास सुबह खेत जाने के लिए घर से निकला था। इस दौरान गाड़ी की चपेट मे आने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जहां खेत जाने का मार्ग सुबह सुनसान होने के कारण अज्ञात वाहन चालक द्वारा बुजुर्ग को ठोकर मार देने के बाद वहां से फरार हो गया, वही मार्ग मे मिले पहिए के निशान के आधार पर वाहन की पहचान की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना सुबह कि बताया जा रहा है। इस दौरान मौके पर कोई मौजूद नही था। वही मौके पर पहुंच पुलिस ने शव का पंचनामा कर अज्ञात वाहन की पहचान मे लग गई है, आस पास से सीसीटीव्ही से जानकारी एकत्रित की जा रही है। वही शव का पीएम कर शव परिजनो को सौप दिया गया है।

## कार की ठोकर से महिला घायल, विवेचना जारी

**बालोद**। ग्राम के सप्ताहिक बाजार के दिन बाजार मे सब्जी खरीदने पैदल जा रही एक वृद्व महिला को कार ने ठोकर मार दी, जिससे वृद्व महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसके बाद परिजनो द्वारा अस्पताल मे भर्ती करवाया गया है। वही कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम करहीभदर ग्राम पंचायत के पास कार की टक्कर से राजकुमारी 74 वर्श घायल हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वृद्व महिला पैदल बाजार जा रही थी। तभी बस स्टैण्ड से निपानी की ओर जा रही कार के चालक ने टक्कर मार दी। जिससे वृद्व महिला के कमर, पैर मे चोट लगी है। जिसे जिला अस्पताल के बाद निजी अस्पताल मे भर्ती करायाा गया। जहां ईलाज जारी है। बालोद थाने मे कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया गया है।

# कामता के सरपंच ने हार्वेस्टिंग लगवाने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/दल्लीराजहरा

जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कामता आदर्श ग्राम की ओर अग्रसर हो रहा है, यहाँ ग्रामीणों, जल वाहिनी सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों ने जागरूकता का परिचय दिया है। ग्राम पंचायत कामता में जल संरक्षण के तहत घर–घर वाटर हार्वेस्टिंग संरचना बनाने हेतु ग्रामीणों ने संकल्प लिया।

ग्राम की महिलाओं ने कहा कि हम पक्के घरों में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना बनाएंगे तथा खपरैल वाले घरों में टिन की डोंगी लगाकर सोक पिट बनाएंगे ताकि भू–जल स्तर बढ़ सके। मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी.मण्डले ने बताया कि ग्राम कामता जल संरक्षण के क्षेत्र में यह प्रयास अन्य ग्रामों के लिए प्रेरणा स्त्रेत होगा। उन्होने ग्रामीणों के इस जल संरक्षण के कार्य की सराहना करते हुए जल संरक्षण अंतर्गत सोख्ता गढ्ढा एवं अधिक से अधिक पौधरोपण की अपील की। इसके साथ ही जलवाहिनी का सम्मान किया गया। इस दौरान विकास विस्तार अधिकारी डी.के.रात्रे नीरज वर्मा, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा सहित जलवाहिनी सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

पर्यावरण संबंधी गीतों से किया जागरूक

# छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा ने 7 दिनों में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण पखवाड़ा में छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की डौंडी लोहारा इकाई ने 7 दिनों में विभिन्न स्थानों पर विभिन्न प्रकार के पौधे दान किये और बच्चों संग गाया पर्यावरण गीत पेड़ है सांसे पेड़ है जीवन,,का। छत्तीसगढ़ विज्ञानसभा के बालोद इकाई की सदस्य सुश्री एनुका शार्वा ने बताया कि /"पर्यावरण गीत/" के माध्यम से प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध हो। इस मुहिम में शिक्षक लवण साहू, खेमंत साहू, हेमंत साहू, सौरभ शर्मा, कपिल पटेल,निधि यादव, और विद्यालय के विद्यार्थी श्वेता बंजारे, संजना सिन्हा, वेद, यशस्वी, तेजप्रकाश, उज्जवल तथा विश्विद्यालयीन छात्राएं गरिमा,संगीता,सरिता, नंदिनी, लोकांछा ने बारिश होने पर 2-2 पौधों को संरक्षित रखने की जिम्मेदारी ली है। एनुका ने इस अवसर पर अपने कार्यक्षेत्र के आसपास नगर पंचायत अध्यक्ष श्री लाल निवेंद्र सिंह टेकाम और उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय को आंवले और बेल के वृक्ष भेंट किये।

इसी क्रम में विभिन्न ग्रामों के सरपंच खैरा निर्मला कोसमा, बटेरा, कामता नेतराम तारम,स्व सहायता महिला समूह खैरा को भी पेड़ दान किए। इसी क्रम में प्रशासनिक अधिकारियों राजस्व तहसीलदार मंडावीऔर नायब तहसीलदार दीपक चंद्राकर को पौधे भेंट कर उन्हें बारिश के बाद में रोपण करने का निवेदन किये और साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए हर संभव सहयोग करने का अपील किया। पुलिस विभाग की महिला अधिकारियों तथा स्वास्थ विभाग के मंडावी और भंडारी सर को विद्यार्थियों द्वारा पेड़ दान किया गया। गणमान्य नागरिक को नीम, बेल, मुनगा, करण, अशोक, कटहल, अमरूद, गुलमोहर, निबू,जैसे पौधे भेंट किए। और सभी से निवेदन किया गया कि, बारिश आने पर उसे सुरक्षित स्थान पर लगा कर उसकी देखभाल करेंगे। वर्तमान समय में तापमान का बढ़ना, पशु पक्षियों के लिए छाया व आश्रय का न होना, जलस्तर का नीचे जाना। निरंतर पेड़ पौधे की कटाई के कारण हो रहा है।

व्यक्ति भागम भाग में चाहता तो बहुत कुछ है पर कर नहीं पाते, इसलिए सुश्री एनुका अपने बच्चों और साथी शिक्षकों के साथ एक एक पौधे की जिम्मेदारी दी, जिन्हें बड़े प्रेम से सभी ने स्वीकार किया। और उसके संरक्षण संवर्धन के लिए प्रतिबद्धता दिखाई।

## रनचिरई थाना प्रभारी की लापरवाही एवं निलंबन की मांग

# दो दिन में चार की हत्या से कानून व्यवस्था बदहाल, कांग्रेस ने सीएम नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/गुण्डरदेही

ग्राम खुटेरी(अचौद) में 11 जून को हुए हत्याकांड में रनचिरई थाना प्रभारी की घोर लापरवाही एवं निषक्रियता लेकर थाना प्रभारी को तत्काल निलंबित करने एवं जिले में 2 दिन के भीतर 4 हत्या से बदहाल कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग को लेकर शुक्रवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही के अध्यक्ष भोजराज साहू व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम गुण्डरदेही अनुविभागीय अधिकारी प्रतिमा ठाकरे झा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन सौपने के बाद कांग्रेस नेताओ ने कहा मृतक देवव्रत बिझेंकर व उसके परिवार के सदस्यो के मोबाईल फोन का पिछले एक माह का कॉल डिटेल निकाल जांच की जाए। इससे स्पष्ट हो जाएगा कि मृतक देवव्रत की पैठ कितनी उची थी। जिसके कारण उसके इतने आतंक के बाद भी पुलिस कार्यवाही नगन्य थी। कांग्रेस नेताओ ने मामले मे न्यायिक जांच करने की भी मांग करते हुए कहा पूरे मामले मे शराब माफिया से रनचिरई पुलिस की सांठ गांठ परिलक्षित हो रही है। इसलिए मामले मे न्यायिक जांच किया जाना चाहिए।



### बिंझेकर आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति था

विदित हो कि ग्राम खुटेरी निवासी मृतक देवव्रत बिंझेकर आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति था, आस पास के 5 गांव में खुलेआम अवैध शराब एवं गांजा का बिक्री करता था, जिससे त्रस्त सैकड़ों ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को उक्त व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की, उन्होने कहा पूर्व में मांग की रजोली के समाधान शिविर में भी जनप्रतिनिधियों द्वारा उक्त मामले को अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया था, 10 जून को भी मृतक देवव्रत ने ग्राम जोरातराई के बाजार स्थल में सुदामा ठाकुर के साथ मारपीट किया था, जिसकी रिपोर्ट तत्काल थाना जाकर दर्ज कराया था, अगर उसी दिन मृतक देवव्रत बिंझेकर के ऊपर कार्यवाही थाना प्रभारी द्वारा कर दिया जाता तो दूसरे ही दिन इस हत्याकांड को रोका जा सकता था, मगर थाना प्रभारी द्वारा कोई कार्यवाही नही करना घोर लापरवाही और अपराधियों को संरक्षण देने की प्रवृत्ति को दर्शाता है, कांग्रेसियो ने थाना प्रभारी को तत्काल निलंबित करने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही नही किया गया तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी।

ज्ञापन सौंपने वालो मे ब्लाक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय साहू, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष केके राजू चंद्राकर, अभिषेक यादव, लिखन निषाद, लवकेश यदु, खुटेर सरपंच गजपति साहू, लीलेश साहू उपस्थित थे।

# ओवर ब्रिज व पर्यावरण पार्क निर्माण पर देशमुख ने की चर्चा

**बालोद**। नगर में रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने एवं झलमला से पर्यावरण पार्क तक राष्ट्रीय राजमार्ग में डिवाइडर निर्माण की मांग को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पुर्व सदस्य यशवंत जैन एवं भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने उप मुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री अरुण साव से भेट की।

इसनम भेंट के दौरान यशवंत जैन ने राष्ट्रीय राजमार्ग 930 में डिवाइडर एवं रेलवे ओवर ब्रिज की नगर मे अव"यकता से अवगत कराया। यशवंत जैन ने रेलवे ओवर ब्रिज कार्य में गति लाकर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने हेतु एवं झलमला चौक से पर्यावरण पार्क तक राष्ट्रीय राजमार्ग 930 में डिवाइडर निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान करने का मांग पत्र सौंपा। जिस पर गंभीरता



पूर्वक विचार करते हुए लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने दोनों महत्वपूर्ण कार्यों पर शीघ्र कार्यवाही का भरोसा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को दिया, यशवंत जैन ने बताया कि सुगम यातायात के लिए पाररास स्थित रेलवे ओवरब्रिज जीवन दायिनी साबित होगा। रेल्वे ओवरब्रिज निर्माण से रेलवे फाटक बंद रहने पर हजारों लोगों को होने वाली असुविधा से निजात मिलेगी, वही डिवाइडर बनने से आए दिन होने वाली दुर्घटना में कमी आएगी एवं बालोद शहर जिला केंद्र को सुंदरता प्राप्त होगी।

खबर संक्षेप

## दो दिन के अंदर अच्छी बारिश की संभावना

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में पखवाड़े भर से रूठे मौसम ने करवट ली है। गुरूवार शाम को अचानक मौसम बदला और तेज हवा और गरज-चमक की स्थिति बनी रही। हांलाकि देर रात दुर्ग जिले के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई है। फिलहाल, दुर्ग जिले को येलो जोन में रखकर 15 जून तक अच्छी बारिश का अंदाजा लगाया गया है। रात की हल्की बारिश ने तपिश को भी कम किया है। गुरूवार को दुर्ग जिले का अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस रहा है। इसमें एक डिग्री की गिरावट आई है। वहीं न्यूनतम तापमान भी तीन डिग्री नीचे पहुंचा है, जिसके बाद रात का पारा 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि मौसम विभाग ने यह भी कहा है कि अभी मानसून प्रदेश में सक्रिया नहीं हुआ है। उसे सक्रिय होने में अभी कुछ वक्त और लग सकता है। मानसून को बस्तर से आगे बढ़ने में अभी दो से तीन दिन का समय और लग सकता है। अभी जो बारिश हो रही है वह लोकल सिस्टम के असर से हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में कई मौसमी प्रणालियों के सक्रिय होने से अगले कुछ दिनों में बारिश की गतिविधियां तेज होने वाली हैं।

## चंडी मंदिर चौक में बेच रहा था गांजा, गिरफ्तार

**भिलाई।** दुर्ग कोतवाली थाना अंतर्गत चंडी चौक मठपारा में गांजा बेचते दिनेश सारथी (45 वर्ष) को पुलिस ने पकड़ा। उसके विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि घटना स्थल पर दिनेश गांजा बेच रहा है। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। उसके पास से 01.80 किलोग्राम गांजा कीमत करीब 8400 रुपए जब्त की गई। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## ट्रांसपोर्ट नगर में हेरोइन के साथ युवक पकड़ाया

**भिलाई।** खुर्सीपार पुलिस ने गुरुवार तड़के हेरोइन के साथ इंदिरा चौक निवासी दीपक पिता मन्नुराम शाह (35 वर्ष) को गिरफ्तार किया। उसके पास से 5.30 ग्राम हेरोइन जब्त किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि लाल टी शर्ट और बरमुड़ा पहने एक युवक सिद्धी बैटरी दुकान के सामने नहर किनारे ट्रांसपोर्ट नगर जाने वाली रोड पर नशीला चिट्टा बेच रहा है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिमक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## पारा 38.6 डिग्री, 48 घंटे में बारिश के आसार

**भिलाई।** पिछले 12 दिनों से मानसूनी बारिश नहीं होने से गर्मी फिर से झुलसाने लगी है। गुरुवार को प्रदेशभर में ट्विनसिटी सबसे ज्यादा तपा। अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से पार चला गया। पारा 38.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। अचानक इतनी ज्यादा गर्मी बढ़ जाने की वजह से लोगों को जून महीने के दूसरे सप्ताह के पूरे दिन भीषण गर्मी का एहसास हुआ। खासकर उमसभरी गर्मी लोगों को परेशान करने लगी है।

# टाउनशिप के साप्ताहिक बाजारों में दस साल बाद भी नहीं बने चबूतरे

## बारिश का मौसम दे रहा दस्तक, फिर होगी व्यावसायियों को दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्टरी इलाके में साप्ताहिक बाजारों में सब्जी दुकानों के लिए चबूतरे बनाए जाने की योजना दस साल से ठंडे बस्ते में पड़ी है। इसका खामियाज व्यवसायियों के साथ खरीदारों को भी भुगतना पड़ रहा है । इस मामले में नगर निगम उदासीन बना हुआ है। व्यवसायियों ने जल्द चबूतरा निर्माण कराए जाने की मांग की है।

बीएसपी टाउनशिप में आधा दर्जन सेक्टरों में साप्ताहिक सब्जी बाजार लगते हैं। सेक्टर 1 में शनिवार सेक्टर 7 में गुरुवार, सेक्टर 4 बोरिया मार्केट में मंगलवार व रुआबांधा में शनिवार को साप्ताहिक बाजार भरता है। बाजारों मेंपसरे में सब्जी आदि बेचने में व्यवसायियों की परेशानी को देखते हुए महापौर निर्मला यादव के कार्यकाल में विभिन्न साप्ताहिक सब्जी मार्केट में सब्जी विक्रेताओं के दुकानों मे चबूतरे निर्माण कराने की योजना बनाई गई थी। इनके बन जाने से सब्जी व्यवसायियो के साथ आम ग्राहकों को भी सुविधा होती। व्यवसायियों ने बताया कि बारिश का मौसम करीब है। बरसात होने पर जमीन पर पसरे की सब्जियां भीग जाती हैं। गंदे पानी व कीचड़ की समस्या होती है।



### आवारा मवेशियों का उत्पाद

टाउनशिप के सभी सब्जी बाजारों में आवारा मवेशियों के उत्पाद की एक बड़ी समस्या सालों से बनी हुई है। बाजारों में गाय, सांड व बछड़े भैंस घुसकर दुकानों की सब्जियों को नुकसान पहुंचाते हैं। सब्जी वाले लंबी लाठियां व बांस लेकर बैठे रहते हैं। व्यवसायियों ने बताया कि आवारा आवारा मवेशियों में कई मरखुंडे सांड व गायें भी होती हैं, जिनसे लोगों खतरा बना रहता है। हुडको सेक्टर 1 व सेक्टर 7 में मरखुडे सांड कई लोगों को चोटिल कर चुके हैं।

## कलामंदिर में रंग सरोवर ने किया भरथरी वैराग्य की गाथा नाटक का मंचन

# मृगनी ने दिया विरह का श्राप, राजा भर्तहरि के त्याग से पत्नी और मां के साथ तड़पी प्रजा

ए दे घोड़ा रोए घुड़सार मा, घुड़सार मा, अऊ हाथी रोबे हाथीसार मा ए दे रानी दीदी महलों मा रोए, राजा रोए दरबार मा दरबार मा बाई एदे जी...।

### गायन शैली को नाट्य शैली में मंचित देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक







हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ की सुवासित माटी की सुरुज बाई खांडे और रेखा देवार जैसी प्रसिद्ध भरथरी गायिकाओं की सुमधुर आवाज में वर्षों से गायन शैली में भरथरी लोक गाथा सुनने वाले भिलाई के लोक कला प्रेमी दर्शकों के लिए आज इस लोकगाथा को नाट्य शैली में देखना एक यादगार अनुभव था। अवसर था रंग सरोवर संस्था बारुका गरियाबंद द्वारा महात्मा गांधी कला मंदिर सिविकसेंटर में आयोजित दो दिवसीय लोकनाट्य उत्सव के पहले दिन लोक नाट्य भरथरी वैराग्य की गाथा के मंचन का। रंग सरोवर के निर्देशक भूपेंद्र साहू के कुशल निर्देशन में पहली बार भरथरी गायन शैली को मंच पर नाट्य शैली में प्रस्तुत इस नाटक को देख दर्शक भावविभोर हो गए। भरथरी गायिका स्व.सुरुज बाई की 76 वीं जयंती पर मंचित इस नाटक में राजा भरथरी की प्रेरक व समृद्ध लोक गाथा को दिखाया गया। नाटक में सिसकते दाम्पत्य की विरह वेदना के करुण स्वर के साथ त्याग,तपस्या और संकल्पित वैराग्य के प्रखर भाव को रुपायित किया गया। कथानक में दिखाया गया कि गुरु गोरखनाथ के आशीर्वादस्वरुप अमृत से चौथेपन (प्रौढावस्था ) में जन्मे उज्जैन के महाराजा भरथरी के 12 बरस की आयु में वैराग्यभाव आने की अपने गुरु की भविष्यवाणी से माता पिता चिंतित रहते हैं। जब राजा भरथरी आखेट के दौरान घोड़े पर जंगल में एक मृग को बांण से मार बैठते हैं तो उसे तड़पता देख बतौर पत्नियां 9 लाख 9 कोरी मृगनियां उन्हें इसी तरह विरह में तड़पने का श्राप देती हैं। इस बीच भर्तहरि की मां गुरु गोरखनाथ से मिलकर उनका विवाह करवा देती हैं। भरथरी के विवाह की पहली रात सोने के पलंग पर बैठने से पलंग टूट जाता है तो रानी हंसती है। हंसने का राज पूछने पर उनकी साली बताती है कि भर्तहरि की पत्नी पूर्व जन्म में उनकी मां थीं। तब राजा भर्तहरि पत्नी को मां मानकर उनसे व अपने गुरु से आशीर्वाद लेकर राजा विक्रमादित्य को राजपाठ सौंपकर सन्यास ले लेते हैं। कैना की भूमिका जागेश्वरी मेश्राम, चंपा चेरी-निधि साहू व रोशनी वर्मा ने निभाई। काला मिरगा का किरदार दीपक ध्रुव, मिरगिन, सिंधू व जागेश्वरी बनीं। कथावाचक बबा अमर सिंह लहरे, और नाती का किरदार उत्तम साहू ने निभाया। नाट्य मंचन के दौरान डॉ. बारले, विनायक अग्रवाल, रजनीश झांजी, प्रदीप शर्मा, नकुल महलवार, परमेश्वर नाग, श्रवण, त्रिलोक तिवारी, शंकर साहू आदि रंगकर्मी मौजूद थे।

### सजीव सैट व लोक संगीत से हुए मंत्रमुग्ध



छग के लोकतत्व, किंवदंतियों व लोक संस्कृति से पिरोये भरथरी वैराग्य की गाथा नाटक के मंचन में निर्देशकीय कसावट के साथ कलाकारों की अभिनयअदायगी भी बखूबी दिखी। आलेख, गीत संगीत भूपेंद्र साहू का था। लोक संगीत व मंचसज्जा जीवंत थी। राजा भर्तहरि का किरदार मिथुन खोटे व रानी फुलवा व मां का चरित्र भावना बाघमारे निभाया। भगवान गोरखनाथ चंद्रहास बघेल व रानी सामदेई भरथरी की साली योगिता मढ़रिया बनीं। मंच सज्जा उत्तम साहू टीम,वेशभूषा भावना दीपक, ध्वनि चेतन साहू, लाइट भूपेंद्र साहू लव और समन्वय पद्मश्री पंथी नर्तक डां. आरएएस बारले का रहा। मंच संचालन नमित साहू व प्रस्तुति प्रबंधन में मलयज साहू व अजय मेश्राम का सहयोग रहा।

### अतिथियों ने की आयोजन की सराहना

नाट्य मंचन के पूर्व मुख्य अतिथि गुंडरदेही के विधायक ने कुंवर सिंह निषाद ने भरथरी गायिका स्व. सुरुज बाई खांडे के चित्र पर माल्यापर्ण व दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने रंग सरोवर संस्था के नाट्य आयोजन की सराहना की और कहा कि छत्तीसगढ़ लोक संस्कृति बहुत समृद्ध है। विशेष अतिथि महापौर नीरज पाल और वरिष्ठ साहित्याकार परदेशीराम वर्मा ने नाटक के कलाकारों की प्रतिभा की प्रशंसा की। रंग सरोवर के निर्देशक भूपेंद्र साहू ने अतिथियों का स्वागत किया और बताया कि छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक धरातल पर भरथरी एक समृद्ध लोकगाथा है,जिसे सिद्धस्त लोकगायिका सुरुज बाई खांडे गायन शैली में गाती थीं। इसे हमने पहली बार नाट्य शैली में मंचित किया है।

# टाउनशिप में बिजली की आंखमिचौली से परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ सेक्टर 6 व 7 में आधा घंटा ही नलों में आ रहा पानी

बीएसपी टाउनशिप के कुछ सेक्टरों में बीएसपी कर्मचारी रहवासी अघोषित बिजली कटौती और पेयजल कटौती से परेशान हैं। भीषण गर्मी में इन अत्यावश्यक सेवाओं में कोताही बरतने से लोगों को कई तरह की दिक्कतें हो रही हैं। यूनियनों ने नगर सेवाएं विभाग के मुख्य महाप्रबंधक से समस्या के निदान की मांग की है।

पिछले डेढ़ दो महीने से टाउनशिप वासियों पर बिजली को लेकर दोतरफा मार पड़ रही है। बीस दिन पहले अंधड़ व बारिश से दो दिन तक बिजली गुल रह रही थी। इसके बाद अब दो से तीन घंटे तक बिजली बंद रह रही है। सेक्टर 8, सेक्टर 6 व सेक्टर 7 में लोगों को बिजली के साथ पेयजल की भी मार सहनी पड़ रही है।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि सुबह दोपहर व रात में बिजली की आंखमिचौली से उमस और गर्मी से परेशान होना पड़ रहा है। सेक्टर 7 में पिछले पंद्रह दिन से सुबह पानी आपूर्ति में बीस से तीस मिनट की कटौती कर दी गई है। पहले पांच दिन पंद्रह मिनट ही पानी आया। इसके बाद अब रोज 7 से 7.45 बजे तक ही नलों में जलापूर्ति हो रही है। ऊपरी माले के आवासों में हर साल गर्मी के मौसम में पहले ही पानी ठीक स नहीं चढ़ने की समस्या बनी हुई है। सेक्टर 6 में भी पानी दस मिनट कम दिया जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि नल आने के दस मिनट तक गंदा पानी आता है।यूनियनों ने बीएसपी प्रबंधन से तयसमय अनुसार पानी देने व निर्बाध रुप से बिजली आपूर्ति या मेंटेनेंस की मांग की है।

## आकर्षण का केंद्र बनी सूर्य नमस्कार करती कलाकृति

**भिलाई।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग द्वारा केंद्रित, टाउनशिप में सांस्कृतिक प्रतीक की स्थापना की गई है। सेक्टर-9 स्थित पं. रविशंकर शुक्ल चौक पर सूर्यनमस्कार की बाढ़ मुद्राओं का प्रदर्शन करतीं आकर्षक कलात्मक मूर्तियां स्थापित की गई है, जो भारतीय योग परंपरा को आधुनिक कलात्मक शैली में समर्पित एक प्रेरणास्पद उदाहरण है। इस कलाकृति में सूर्य नमस्कार के 12 आसनों को संयंत्र के अपने स्टील प्लेटों से निर्मित किया गया है। इसकी डिजाइनिंग संयंत्र के टाउन आर्किटेक्ट, श्री उमाशंकर राव द्वारा की गई है, यह न केवल संयंत्र की तकनीकी दक्षता, बल्कि उसकी सांस्कृतिक चेतना का भी परिचायक है। बीएसपी द्वारा आने वाले महीनों में नगर सेवाएं विभाग द्वारा सेक्टरवार उद्यानों के नवीनीकरण,

# मैत्रीबाग का कैंटीन दो माह से बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ भीषण गर्मी में पर्यटक नाश्ते व कोल्डड्रिंग के लिए भटक रहे

मैत्रीबाग में दो महीने से कैंटीन बंद पड़ी है। इसके चलते यहां आने वाले पर्यटकों को चाय नाश्ते और कोल्ड ड्रिंग के लिए भटकना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में चिड़ियाघर का नजारा लेने आने वाले लोगों को जू के बाहर दूर से खाने पीने का सामान लाना पड़ रहा है। इससे उन्हें परेशानी हो रही है।

मैत्रीबाग में भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा पर्यटकों को सुविधा के लिए पिछले कई साल से ठेके पर कैंटीन का संचालन किया जा रहा है। मैत्रीबाग के अंदर कैंटीन होने से लोग खाते पीते हुए प्रकृतिक का नजारा लेते थे। लेकिन पिछले दो महीने अचानक इस कैंटीन को बंद कर दिया गया है। इस कारण भारी गर्मी और उमस क माहौल में यहां रोज घूमने के लिए आने वाले सैकड़ों लोगों को चाय,नाश्ते और कोल्डड्रिंग के लिए तरसना पड़ रहा है। पर्यटकों ने बताया कि मैत्रीबाग के बाहर दुकानें बहुत दूर होने से बच्चों को यहां अकेला छोड़कर जाने में परेशानी होती है। अंदर कैंटीन में खाने पीने के सभी सामान तुरंत मिल जाते थे। सूत्रों के मुताबिक बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग द्वारा कैंटीन संचालन की अवधि दस महीने समाप्त होने के बाद छह महीने एक्सटेंशन किया गया था। इसके बाद 4 महीने बढ़ाने की फाइल मंजूरी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के पास डेढ़ माह से लंबित है। कैंटीन के जल्द शुरु हो जाने से यहां घूमने के लिए आने वाले हजारों बच्चों, महिलाओं व युवा पर्यटकों को राहत मिलेगी।

## टूर एंड ट्रेवल की फ्रेंचाइसी दिलाने के नाम पर 45 लाख की ठगी

**भिलाई।** स्मृतिनगर पुलिस चौकी अंतर्गत नेहरूनगर निवासी टीवी जय प्रदीप पिता आरटी पनिकर (49 वर्ष) से टूर एंड ट्रेवल की फ्रेंचाइसी दिलाने, ज्यादा लाभांश दिलाने का झांसा देकर 45 लाख रुपए की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने रामदास नगर कडलू कसरगोड़ निवासी नागेश पिता जर्नादन (52 वर्ष) और उसकी पत्नी आरती को गिरफ्तार किया है। उनके विरुद्ध एक अपराध बालोद और एक बेंगलुरू कर्नाटक में भी दर्ज है। पुलिस ने बताया कि मामले में जय प्रदीप ने 6 सितंबर 2022 को घटना की जानकारी दी थी। उसने बताया था कि लेट्स ट्रेवल फ्री के नाम से आफिस सूर्या माल जुनवानी में संचालित था। इसके संचालक नागेश कुमार एवं आरती ने लोागो को टूर एण्ड ट्रेवल के नाम एवं फेंचाईसी के साथ अन्य स्कीम बताकर ज्यादा लाभांश का लालच दिया।

# सार्वजनिक जगहों पर नशाखोरी करने वालों को कराया उठक-बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ दुर्ग, भिलाई नगर, छावनी क्षेत्र में चला अभियान, 14 पर कार्रवाई

सार्वजनिक स्थलों पर नशाखोरी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान 14 से ज्यादा युवकों को पकड़ा गया। उन्हें दंड स्वरूप उठक-बैठक करवाया गया। साथ ही आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।नगर पुलिस अधीक्षक क्षेत्र दुर्ग, भिलाई नगर, छावनी में यह कार्रवाई की गई। छावनी के बैकुंठधाम, सुंदरनगर, सुभाषनगर, मूढकट्टा स्कूल, जामुल के शिवपुरी, सुरडुंग, हाउसिंग बोर्ड, काली बाड़ी, कुरूद बस्ती, खुर्सीपार के आईटीआई ग्राउंड, जीरो प्वाइंट ट्रांसपोर्ट नगर, तेलहा नाला, वीर नारायण सिंह वार्ड, पुरानी भिलाई के पुरैना, विश्वबैंक कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड चरोदा, उमदा तथा कुम्हारी के बाजार पारा, उड़िया बस्ती, खपरी, रामपुर में जांच की गई। जामुल में 4 व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई। अड्डेबाजी के लिए स्पॉट बनने वाले होटल, ढाबा, ठेला और दुकानों को रात 11.30 बजे तक बंद कराया गया। दुर्ग के दुर्ग, मोहन नगर, पद्मनाभपुर एवं पुलगांव क्षेत्र में चेकिंग कर पदमनाभपुर से 3 एवं मोहन नगर से 3 पर कार्रवाई की गई। भिलाई नगर में भट्टी, सुपेला एवं वैशाली नगर क्षेत्र में चेकिंग की गई। सुपेला में 3 एवं नेवई में 1 आरोपी को पकड़ा गया। इस प्रकार 14 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

शैलदेवी महाविद्यालय
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography)
BSc Maths CS/Bio
BCom
MCom
MSC Chemistry/CS
BCA
DCA
PGDCA
MSW
B.Lib
PG Diploma in YOGA
Anda, Durg
☎ : 9575037637, 6265377477
7880172431, 7880172432

# मासूम को कुत्ते ने नोंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ पार्षदों की शिकायत का भी असर नहीं, दहशत में रहवासी

भिलाई-तीन के गांधीनगर वार्ड निवासी ढाई साल के एक मासूम को आवारा कुत्ते ने नोंच खाया। आवारा कुत्ते ने मासूम को कई जगहों पर काटा। मासूम शिवांश की हालत गंभीर बताई गई है।

उसके पिता विनोद धुरी और मां रीता धुरी ने घटना की जानकारी दी है। इधर शहर में आवार कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ते जा रहा है। इसे लेकर स्थानीय पार्षदों द्वारा शिकायत भी की गई है, लेकिन शिकायत को अब तक गंभीरता से नहीं लिया गया है।

शिवांश शाम को घर के पास गली में खिलौने वाली तीन चकिया गाड़ी चलाकर खेल रहा था। इसी दौरान एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला बोल दिया। कुत्ते के अचानक हमला बोलने से शिवांश अपनी खिलौना वाली गाड़ी से गिर पड़ा। उसके गिरते ही कुत्ता उसे नोंचने लगा। कुत्ते को भगाया, लेकिन तब तक कुत्ता शिवांश को नोंचकर गंभीर रूप से घायल कर चुका था। पूर्व पार्षद लावेश मदनकर ने कहा कि सुशासन शिविर में शिकायत की गई थी। कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# खुर्सीपार क्षेत्र में चेंबर के ढक्कन चोरी, निगम ने कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ औचक निरीक्षण में पहुंचे आयुक्त तब चोरी का हुआ खुलासा

खुर्सीपार क्षेत्र में सिवरेज लाईन चेम्बर का ढ़क्कन अज्ञात लोगों द्वारा तोड़कर उसका लोही चोरी कर ली गई है। निगम आयुक्त राजीव पांडेय जब गुरुवार को सिवरेज लाइन वर्क का निरीक्षण करने पहुंचे तब इसका खुलासा हुआ। उन्होने अज्ञात व्यक्तियों व कबाड़ियों के खिलाफ एफआईआर करवाने के निर्देश मातहत अधिकारी को दिए। चोरों द्वारा कबाड़ी का सामग्री खरीदने एवं बेचने वालो की मिली भगत से चोरी का लोहा खरीदी-ब्रिकी किया जा रहा है। जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर खुर्सीपार अंतर्गत वार्ड क्रं. 38, 39 एवं 42 में सिवरेज लाईन पुनर्निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसका निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे को लेकर मौके पर पहुंचे। वहां सिवरेज लाईन पुनर्निर्माण का कार्य एजेंसी मेसर्स सी.बीजू द्वारा किया जा रहा है, आयुक्त ने चल रहे सिवरेज लाईन के कार्यो का जानकारी प्राप्त किए और कार्य की गुणवत्ता को बनाए रखते हुए कार्य करने हेतु निर्देशित किए। निर्माण कार्य के गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न हो इसके लिए विशेष सुझाव दिए गए। आयुक्त पाण्डेय ने उपस्थित अधिकारियों को भी निर्देशित किये कि चल रहे कार्यो का निरीक्षण प्रतिदिन करते रहें। एजेंसी को दिए गए कार्य समय अवधि का पूर्णता से पालन करने निर्देशित किया गया।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

